राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली
(समन्वय शाखा)

फा०सं०5(23)/2011/भाषा/ समन्वय शाखा/ प्र०त०शी०/ 145 - 150 दिनांक:- 31/5/2022

सेवा में

1. सभी कुलसचिव, (DTU, NSUT, DPSRU, DSEU, IGDTUW, IIITD).
2. सभी शाखा प्रभारी, ( मुख्यालय एवं बी.टी.ई).
3. सभी प्रधानाचार्य, (आई. टी .आई).

विषय:- भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की स्थिति की समीक्षा हेतु राजभाषा निरिक्षण |

महोदय\ महोदया

उपरोक्त विषय में उप सचिव कला संस्कृति एवं भाषा विभाग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र फा०.सं०.8(5) /2014/क०सं० एवं भाषा /747 दिनांक 18.04.2022 की प्रतिलिपि संलग्न की जा रही है |

इस सबंध में सभी सम्बंधित अधिकारियो और कर्मचारियों से अनुरोध है कि उपरोक्त पत्र संख्या में दिए गए उपबंधों अनुसार अपने कार्यालय में कार्य हिंदी में करने के लिए यथोचित निर्देश देने का कष्ट करे एवं राजभाषा अधिनियम 1963" एवं राजभाषा नियमावली, 1976" को क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे | जिसकी प्रति विभागीय वेबसाइट **www.tte.delhigov.nic.in** पर डाल दी गई है |

यह भी अनुरोध किया जा रहा है कि अनुलग्नक 'क' में संलग्न प्रश्नावली एवं इस पर की गई विभागीय कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट को इस अनुभाग को तीन दिन में प्रेषित करें ताकि विभाग की संकलित रिपोर्ट, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग को भेजी जा सके |

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनुभाग अधिकारी( समन्वय शाखा)

फा०सं०5(23)/2011/भाषा/ समन्वय शाखा/ प्र०त०शी०/145 - 150 दिनांक:- 31/5/2022
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ अग्रसारित:-

1. निजी सचिव, प्रधान सचिव (प्र०त०शी०वि.)
2. निजी सचिव, निदेशक (प्र०त०शी०वि.)
3. व्यवस्था विश्लेषक, कम्प्यूटर शाखा (प्र०त०शी०वि.) मुख्यालय, इस प्रार्थना के साथ कि सलंगन पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें |

अनुभाग अधिकारी( समन्वय शाखा)

403/C

1463
13/5/22

DEPARTMENT OF ART, CULTURE & LANGUAGE
Government of National Capital Territory of Delhi
Room No 708, C-Wing, 7th Floor, Delhi Secretariat
I.P. Estate, New Delhi
Tel. 2339214[illegible], e-mail [illegible]

D.O. No. [illegible]

Date: [illegible]

Dte. of Trg. & Tech. Education
Diary No. 181
12/05/22
Muni Maya Ram Marg
Pitam Pura, Near T.V. Tower
Delhi

1345/DD/A
13/5/22

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय मुख्य सचिव, दिल्ली को सम्बोधित निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 11014 / 01 / 2020–हिन्दी (निरीक्षण) दिनांक 23.03.2022 (अनुलग्नक 'क') व तदुपरांत दिनांक 06.04.2022 को हुए राजभाषा निरीक्षण का संदर्भ लें, इस विषय में यह कहना है कि **संसदीय राजभाषा समिति** के द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में राजभाषा हिन्दी से संबंधित कार्यों एवं राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं राजभाषा नियमावली, 1976 के प्रावधानों के कार्यान्वियन से संबंधित निरीक्षण प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं नियमावली, 1976 के उपबन्धों के अनुपालन से संबंधित संलग्न बिन्दुओं पर यथोचित कार्यवाही अपेक्षित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं नियमावली, 1976 के उपरोक्त मुख्य बिन्दुओं पर अपने विभाग / कार्यालय में कार्यान्वयन संबंधित यथोचित निर्देश जारी करें । इसके अतिरिक्त यह भी अनुरोध है कि निम्न बिन्दुओं पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करें :--

1. विभागीय स्तर पर राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं नियमावली, 1976 के उपबन्धों के कार्यान्वयन हेतु एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर, संबंधित अधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नम्बर की जानकारी कला, संस्कृति व भाषा विभाग को प्रेषित करें ।
2. अनुलग्नक 'क' में संलग्न प्रश्नावली एवं इस पर की गई विभागीय कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट को कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग को 25.04.2022 तक प्रेषित करें ।

DD (Admn)
13/05/22

S.O (CDN)
Pl. circulate
17/5/22

स्वाति शर्मा
13/4/22

स्वाति शर्मा

101/CDN
17/05/2022

DA

1. अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष, दिल्ली सरकार।
2. विशेष कार्याधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, दिल्ली सरकार।

सं0 11014/01/2020-हिन्दी (निरीक्षण)

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
एन.डी.सी.सी.II बिल्डिंग
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NDCC-II BUILDING,
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI - 110001

दिनांक : 23 मार्च, 2022

सेवा में,

मुख्य सचिव,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय, आईपी एस्टेट, ,
नई दिल्लीi-110002.

**विषय: भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की स्थिति की समीक्षा हेतु राजभाषा निरीक्षण।**

**Sub- Implementation of O.L. Policy of Govt. of India and Inspection to review the Status of progressive use of Official Language.**

महोदय/Sir,

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार, विभिन्न केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों/सरकारी उपक्रमों/बैंकों/सरकारी संगठनों आदि में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की प्रगति का जायजा लेने हेतु संबंधित मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर राजभाषा निरीक्षण किए जाने अपेक्षित हैं। इसी के अनुसरण में, गृह मंत्रालय के नियंत्रणाधीन मुख्य सचिव कार्यालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली का राजभाषा निरीक्षण, **दिनांक 06.04.2022 को 10:30 बजे (प्रातः) निदेशक (राजभाषा)** द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। कृपया निरीक्षण हेतु निम्नांकित अभिलेख उपलब्ध कराएं।

With a view to assess the progress achieved in the use of Official Language Hindi in the various Central Government Offices/Public Sector Undertakings/Banks/Govt. Organization etc., inspections are conducted from time to time by the officers of the concerned Ministry as per the directions of Government of India, Ministry of Home Affairs, Department of Official Language. In this context, it is proposed to inspect Chief Secretay's Office. Govt. of NCT of Delhi under Ministry of Home Affairs by **Director (OL) dated on 06.04.2022 at 10:30 A.M.** The following records may kindly be made available during the inspection.

1. आपके कार्यालय की विगत तिमाही प्रगति रिपोर्ट।
   Quarterly Progress Report of your office.
2. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक का कार्यवृत्त।
   Minutes of the last Official Language Implementation Committee Meeting.
3. पिछले निरीक्षण की रिपोर्ट (यदि कोई हो)। Last inspection report. (if any)
4. हिन्दी प्रशिक्षण रोस्टर। Hindi training roster.
5. धारा 3(3) के अधीन जारी कागजात का रिकॉर्ड।
   Record of document issued under section 3 (3).

---2/-

401/C



6. हिन्दी और अंग्रेजी पत्रों का आवक तथा जावक रजिस्टर।
   Dispatch and Receipt register for Hindi and English letters.
7. रबड़ की मुहरें, पत्रशीर्ष, फार्म, लेखन सामग्रियों आदि के नमूने।
   Samples of rubber stamps, letter heads, forms, stationery items etc.
8. हिन्दी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की रिपोर्ट।
   Report on the commendable work done for the implementation of Hindi.
9. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मिसिल।
   Town Official Language Implementation Committee file.
10. हिन्दी आदेशों की गार्ड मिसिल।
   Guard file of Hindi Orders.
11. उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, अन्य रजिस्टर आदि।
   Attendance Register, Stock Register, Other Register etc.

अनुरोध है कि उपरोक्त निरीक्षण हेतु तदनुसार समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ।
Kindly ensure all arrangement accordingly for the above inspection.

संलग्न- निरीक्षण प्रश्नावली (विधिवत भरी हुई प्रश्नावली निरीक्षण के समय उपलब्ध कराएं)।

भवदीय/yours Sincerely,

**(राकेश कुमार/Rakesh Kumar)**
निदेशक (राजभाषा)/ Director (OL)
दूरभाष/Tele:- 011-23438192
ई-मेल/E-mail : dir_ol@mha.gov.in

<u>अनुलग्नक 'क'</u>

## राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं नियमावली, 1976 के उपबन्धों के अनुपालन संबंधित प्रगति रिपोर्ट

1 (क) क्या कार्यालय राजभाषा नियम 1976 के नियम10(4) के अंतर्गत अधिसूचित है? तिथि भी दें.

(ख) क्या नियम 8 (4) के अंतर्गत व्यक्तिशः आदेश जारी किए गए हैं? यदि हां, आदेश की प्रति संलग्न करें

| 2. कार्मिकों का विवरण | अधिकारी/कार्यपालक | कर्मचारी/गैर-कार्यपालक | कुल Total |
|---|---|---|---|
| क. कर्मचारियों की कुल संख्या | | | |
| ख. हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त | | | |
| ग. हिन्दी में केवल कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले | | | |
| घ. हिन्दी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं | | | |
| ड. जिन्हें अभी हिन्दी में प्रशिक्षण दिया जाना है. | | | |
| च. हिन्दी में काम करने वालों की संख्या | | | |

3. क्या कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता

39918

में राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित है?

क. पिछले एक वर्ष के दौरान आयोजित उक्त समिति की बैठकों की कुल संख्या(कृपया तिथि दें)

ख. क्या राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों और राजभाषा अधिनियम/नियमों के कार्यान्वयन की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में समीक्षा की गई ?

ग. क्या नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठकों में कार्यालय प्रमुख द्वारा भाग लिया जाता है? पिछली दो बैठकों की स्थिति बताएं ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | कार्यालय द्वारा नियम 11के अनुपालन की स्थिति | कुल | द्विभार्षी | अंग्रेजी में | हिन्दी में |
| | 1. कोड, मैनुअल | | | | |
| | 2. प्रक्रिया साहित्य | | | | |
| | 3. मानक फार्म | | | | |
| | 4. नामपट्ट साइनबोर्ड | | | | |
| 5. | राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अनुपालन की स्थिति (पिछली तिमाही के आंकड़े बताएं) | कुल | द्विभाषी | अंग्रेजी में | हिन्दी में |
| | 1. सामान्यआदेश | | | | |
| | 2. परिपत्र | | | | |
| | 3. संकल्प | | | | |
| | 4. नियम | | | | |
| | 5. ज्ञापन | | | | |
| | 6. अधिसूचनाएं | | | | |
| | 7. प्रशासनिक व अन्य प्रतिवेदन | | | | |

8. प्रेस विज्ञप्तियां

9. संविदाएं

10. करार

11. अनुज्ञप्तियां

12. अनुज्ञापत्र

13. निविदा सूचनाएं तथा निविदा प्रारूप

14. पालिसी दस्तावेज